स्ट्रोक के बाद स्टेम कोशिका से उपचार

स्ट्रोक के बाद व्यक्ति के शरीर के अंगों का काम न करना आम बात है। अब एक प्रयोग में देखा गया है कि यदि ऐसे मरीज़ों को मस्तिष्क में स्टेम कोशिकाओं का इंजेक्शन दिया जाए तो उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार होता है। ये अनपेक्षित मगर सकारात्मक परिणाम यू.के की एक कंपनी रीन्यूरॉन ने हाल ही में उजागर किए हैं।

उक्त प्रयोग के लिए 9 ऐसे व्यक्तियों को चुना गया था जिन्हें स्ट्रोक हुआ था मगर उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। इन मरीज़ों के मस्तिष्क में भ्रूणीय तंत्रिका स्टेम कोशिकाओं का इंजेक्शन दिया गया। इस उपचार के एक माह बाद सारे मरीज़ों में अंग संचालन में सुधार देखा गया। कंपनी के एक वैज्ञानिक जॉन सिंडेन का विचार है कि इन मरीज़ों की हालत में सुधार वास्तविक है और अब तक स्वास्थ्य सुरक्षा सम्बंधी कोई चिंता भी नहीं उभरी है।

इस उपचार की क्रियाविधि के बारे में उनका विचार है कि संभवतः ये स्टेम कोशिकाएं मस्तिष्क में सूजन को कम करती हैं और क्षतिग्रस्त ऊतकों में नई रक्त नलिकाओं के निर्माण में मदद करती हैं। इन दोनों कारणों से सुधार देखा जा रहा है।

अब कंपनी 41 मरीज़ों को लेकर यह परीक्षण करने जा रही है। इसकी अनुमति मिलते ही यह परीक्षण किया जाएगा। ***(स्रोत फीचर्स)***